नव भारत

01/09/2019

लक्ष्य निर्धारित कर उसे मेहनत से पूरा करें : कुलपति

आईईटी के इंडक्शन प्रोग्राम शुभारंभ 2019 का समापन

इंदौर. इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंडक्शन प्रोग्राम शुभारंभ 2019 का समापन विश्वविद्यालय सभागार में कुलपति प्रो. डॉ. रेणु जैन एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ.

संस्था के डायरेक्टर डॉक्टर संजीव टोकेकर ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. विद्यार्थियों को इंडक्शन प्रोग्राम में संबोधित करते हुए प्रो. डॉ. रेणु जैन ने कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में मैं पहली महिला कुलपति के रूप में आप लोगों से रूबरू हो रही हूं. आप सब अपनी जिंदगी में अपना लक्ष्य निर्धारित करें और जब वे निर्धारित हो जाए तो उसे पूरी मेहनत के साथ पूरा करें. हर रास्ते को सकारात्मक दृष्टि से देखें. डॉ. रेणु जैन ने महिला सशक्तिकरण की बात कही और कहा की आज लड़कियों के साथ-साथ हमें हमारे लड़कों को भी महिला सशक्तिकरण के लिए समझाइश देना चाहिए. साथ ही उन्होंने कहा इस पद का उद्देश्य शांति भवन में रहना नहीं बल्कि कुछ कर दिखाने है जिससे विश्वविद्यालय व देश का नाम गौरवान्वित हो.

महिलाएं हमेशा से सशक्त : जनक पल्टा

कार्यक्रम में पद्मश्री श्रीमती जनक पल्टा ने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कुलपति के साथ एक माँ भी मिली है. महिला सशक्तिकरण पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं हमेशा से सशक्त हैं. पुरुषों को प्रतिस्पर्धा में पछाड़ना या उनकी आदतों को अपनाना महिला सशक्तिकरण नहीं है. आपने मी टू की बजाय वी टू वाक्य पर जोर दिया जिससे महिला और पुरुष दोनों मिलकर देश के विकास में बराबर भागीदारी निभा सकें. आपने सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर बात करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि यदि हमारी चॉइस सस्टेनेबल होगी तो हमारी लाइफ भी सस्टेनेबल होगी।

शुरुआती समय भविष्य संवारता है : सोनी

फायर विभाग की एडिशनल एसपी मनीषा पाठक ने कहा कि जितना ज्ञान बाहरी दुनिया से मिलता है उतना किताबों से नहीं मिल पाता है। किताबों में वही ज्ञान मिलता है जो लिखा गया है लेकिन बाहरी दुनिया में हमारे साथ कुछ ना कुछ नया होता है और हमें नई सीख मिलती है. जीवन के शुरूआती समय का सदुपयोग करना चाहिए। नष्ट करने के लिए तो पूरा जीवन बाकी रहता है। जो व्यक्ति शुरू के 25 साल कड़ी मेहनत करता है वही जिंदगी भर सूर्य के प्रकाश की भांति ऊर्जा रखता है। जिसे कोई नष्ट नहीं कर सकता.

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी

कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई जिसमें विद्यार्थियों ने एकल व सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी साथ ही विद्यार्थियों ने गायन मिमिक्री आदि प्रस्तुत किए. अतिथियों की उपस्थिति में दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम शुभारंभ 2019 का समापन हुआ. कार्यक्रम का संचालन प्रियांशु अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, नाहक नायक, प्रतिक लालवानी प्रांजल गुप्ता द्वारा किया गया. अंत में इंडक्शन प्रोग्राम शुभारंभ 2019 के समन्वयक डॉक्टर शैलेंद्र सिंह खिंची द्वारा आभार [illegible] किया [illegible]